हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अधीन स्थापित)

(Accredited by NAAC with 'A+' CGPA of 3.42)

सम्मान-पत्र

उत्कृष्ट शिक्षक अकादमिक (समाज विज्ञान एवं मानविकी स्कूल)

यह प्रशस्ति पत्र आपके प्रति हमारे गहन आदर और कृतज्ञता की भावनाओं का प्रतीक है। आपने अपने अनुकरणीय समर्पण और शिक्षण की उत्कृष्ट शैली से शिक्षा को एक आदर्श स्वरूप प्रदान किया है । आपके मार्गदर्शन में विद्यार्थी न केवल अपने ज्ञान को विस्तारित कर सके हैं, अपितु उनमें चरित्र, नैतिकता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना भी जागृत हुई है ।

प्रो./डॉ. संजीत सिंह ..... आपकी सरलता और सहजता से परिपूर्ण शिक्षण शैली ने विद्यार्थियों के अन्तस में जिज्ञासा व नवाचार के बीज अंकुरित किए हैं। आपकी विनम्रता और छात्रों के प्रति सहृदयता ने न केवल अध्ययन में प्रोत्साहित किया, अपितु जीवन में आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास भी किया है ।

आपका शिक्षण एवं शोध कार्य केवल ज्ञान के हस्तांतरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन के मूल्यों और आदर्शों से भी परिचित करवाया है। आपकी अद्वितीय शिक्षण कला और विद्यार्थियों के प्रति अटूट निष्ठा ने शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श प्रस्तुत किया है ।

इसी अवदान को समक्ष रखते हुए विश्वविद्यालय आपके अविस्मरणीय योगदान के लिए वर्ष 2024–25 का "उत्कृष्ट शिक्षक अकादमिक (समाज विज्ञान एवं मानविकी स्कूल)" सम्मान प्रदान करते हुए गौरवान्वित हो रहा है । आपकी शिक्षण एवं शोध यात्रा इसी प्रकार सफल, प्रेरणादायक और फ़लदायी बनी रहे, यही हमारी कामना है ।

शुभकामनाओं सहित।

आचार्य सुमन शर्मा
कुलसचिव
हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय,
धर्मशाला ।

आचार्य सत प्रकाश बंसल
कुलपति
हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय,
धर्मशाला ।

21 जनवरी 2025